<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**21 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- रोम में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन के सर्वोच्च सम्मान एग्रीकोला मेडल से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। कहा– यह भारत के करोड़ों किसानों, पशुपालको, मत्स्यपालको, कृषि वैज्ञानिकों और श्रमिकों का सम्मान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में सड़क सुरक्षा से संबंधित विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश।
- प्रदेश में स्वगणना का अंतिम दिन आज। कल से शुरू होगी मकानों की गिनती।
- राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने कल तक के लिए जारी किया भीषण लू का रेड अलर्ट।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कल रोम में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन का सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किया गया। उन्होंने इस सम्मान को भारत के लाखों किसानों, पशुपालकों, मछली पालकों, कृषि वैज्ञानिकों और श्रमिकों को समर्पित किया।

**यह भारत के करोड़ों किसानों, पशुपालको, मत्स्यपालको, कृषि वैज्ञानिकों और हमारे श्रमिकों का सम्मान है। यह भारत की उस अटूट प्रतिबद्धता का भी सम्मान है जिसके केंद्र में मानव कल्याण, खाद्य सुरक्षा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट है। मैं इस मेडल को अत्यंत विनम्रता के साथ स्वीकार करते हुए भारत के अन्नदाताओं को यह मेडल समर्पित करता हूं।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री को रोम में सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत, समावेशी विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए वैश्विक मंच पर एक सशक्त आवाज बनकर उभरा है।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में आगामी 'नीट यूजी' दो हजार छब्बीस की दोबारा होने वाली परीक्षा के मद्देनजर केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री प्रधान ने परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ में सड़क सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रहीं मृत्यु, देश व राज्य की क्षति हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं अधिकांशतः जागरूकता के अभाव में होती हैं। ऐसे में सभी जिलों में सड़क सुरक्षा से संबंधित विशेष अभियान चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन स्तर पर सड़क सुरक्षा के संबंध में पाक्षिक बैठक कर कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने सड़कों पर स्टंटबाजी, ओवर स्पीड तथा नशे में वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान परिवहन निगम को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सही फिटनेस वाली बसें ही सड़कों पर चलें। साथ ही चालकों–परिचालकों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे। मुख्यमंत्री ने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'अल नीनो' के प्रभाव के कारण आने वाले वर्षों में फसलों पर असर पड़ सकता है, इसलिए राज्य को अभी से खाद्य सुरक्षा के लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। कल लखनऊ में हुई एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क में छूट जैसे विषयों की समीक्षा की। उन्होंने मंडी कर और मंडी शुल्क प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मंडियों में स्वच्छता, रंग–रोगन, त्योहारों के दौरान प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण हटाना और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। एक रिपोर्ट–

**यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश केअन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। प्रोजेक्ट गंगा की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन युवाओं को डिजिटल उद्यमी के रूप में चुना जाए, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के तेजी से विस्तार और कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की रणनीति की समीक्षा के दौरान मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश की मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2026–27 की कार्ययोजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी, मंत्री और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को

स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में मानक, गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास प्रस्ताव तैयार कर एक सप्ताह के अंदर भेज दिया जाए।

**********

प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार में हाल ही में कैबिनेट मंत्री बने भूपेंद्र चौधरी ने कल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री के तौर पर अपना कामकाज संभाल लिया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के विकास में जिस प्रकार से एमएसएमई विभाग की भूमिका है और उस भूमिका में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो इसका प्रयास और इस लक्ष्य को लेकर हम लोग आगे बढ़ेंगे। उत्तर प्रदेश में 46 प्रतिशत निर्यात इन्हीं इकाइयों के द्वारा उत्पादित सामानों का होता है। तो इसे आगे बढ़ाएं। इसका प्रयास हम लोग करेंगे और उत्तर प्रदेश एक विकसित राज्य की ओर बढ़ रहा है। हमारा विभाग उसमें एक महती भूमिका निभाएं। इसका प्रयास हम सब लोग मिलकर करेंगे।**

**********

प्रदेश में चल रही 'स्वगणना' का आज अंतिम दिन है। राज्य की जनगणना निदेशक और मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने आज भी लोगों से स्वगणना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत प्रदेश में कल से मकानों की गणना शुरू होगी, जो 22 जून तक चलेगी। इस बीच, सर्वोच्च न्यायालय ने जनगणना 2027 के अंतर्गत जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को कल खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मुद्दा सरकार के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में आता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि पिछड़े वर्गों के लिए कल्याणकारी उपाय तैयार करने के लिए सरकार को उनकी संख्या जानना जरूरी है।

**********

प्रयागराज से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू करने को नागर विमानन महानिदेशालय ने मंजूरी दे दी है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश चावला ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद प्रयागराज–जेवर फ्लाइट की समय सारिणी जारी की जाएगी।

**प्रयागराज एयरपोर्ट के ऊपर 1 हफ्ते में 60 फ्लाइटों का आना–जाना है और अभी यह जो जेवर एयरपोर्ट जून से शुरू हो रहा है, इसमें अभी जैसे ही यह थोड़ा अभी तो कुछ कम फ्लाइटों से वहां से आना–जाना शुरू होगा। इंडिगो की एक फ्लाइट शेड्यूल है जो कि जेवर से प्रयागराज और प्रयागराज से जेवर जाएगी। जैसे ही वह जैसे–जैसे फ्लाइट्स की संख्या वहां बढ़ती जाएगी तो हमारे यहां भी एक फ्लाइट आने का समर शेड्यूल में प्रोग्राम है।**

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। कल 48 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सबसे गर्म जनपद रहा, जबकि हमीरपुर और प्रयागराज में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने राज्य में कुछ स्थानों पर कल तक भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में रात में भी उमस भरी गर्मी पड़ने की आशंका है। भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है, जबकि कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है।

**********

प्रदेश में लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा आज 44 जिलों के 861 केंद्रों पर आयोजित हो रही है। करीब 8 हजार पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में लगभग 3 लाख 66 हजार 700 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

**********